**DB Power Limited**
Business Office : Village - Badadarha, Post - Kanwali, Dist - Janjgir - Champa, Chhattisgarh, PIN - 495 695
Tel. : +91-7389912699

क्रमांक / डी.बी.पा.लि. / Liasion / 11–01 दिनांक :– 01 / 01 / 2020

प्रति,

वनमण्डलाधिकारी महोदय,
जांजगीर–चांपा वनमण्डल
जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

विषयः– जांजगीर चांपा जिले के अंतर्गत ग्राम बाड़ादरहा की 29.709 हे. राजस्व वन भूमि (छोटे बड़े झाड़ का जंगल) में 2X600 (1200 मेगावाट) थर्मल पावर प्लांट की स्थापना हेतु निदेशक, मेसर्स डी.बी. पावर लि. मुम्बई को उपयोग में देने बाबत्।
– पंजीयन कमांक / BLS/BLS/JGR/POW/2009/022

संदर्भ :– 1. संस्थान का पत्र कमांक 09–02 दिनांक 02.09.2019।
2. आपका पत्र क्रमांक / मा.चि. / 5580 / 2019 / चांपा / दिनांक 26.08.2019।

––00––

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि मेसर्स डी.बी. पावर लिमिटेड ग्राम बाड़ादरहा तहसील डभरा जिला जांजगीर–चांपा के द्वारा ग्राम बाड़ादरहा एवं टुण्ड्री में 1200 मेगावाट कोयला आधारित विद्युत संयंत्र की स्थापना की गई है। जिसमें पूर्व में परियोजना स्तर पर प्लांट की स्थापना हेतु आवेदनकर्ता संस्थान के द्वारा ग्राम बाड़ादरहा तहसील डभरा की कुल 29.224 हे. राजस्व वन भूमि व्यपवर्तन हेतु मांग की गई थी एवं संस्थान को विभाग के द्वारा पंजीयन कमांक BLS/BLS/JGR/POW/2009/022 आबंटित किया गया था। परन्तु आवेदित खसरो के आसपास की निजी भूमि का अधिग्रहण नहीं हो पाने के कारण उपरोक्त आवेदित भूमि का औचित्य औद्यौगिक प्रयोजनार्थ संस्थान को नहीं होने के कारण संस्थान के द्वारा पंजीयन निरस्त किये जाने हेतु तत्समय विभाग को सूचना प्रदान की गई थी। जिला जांजगीर चांपा, तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम बाड़ादरहा की खसरा नं 779 / 1 रकबा 22.995 हे, 779 / 2 रकबा 4.407 हे., 30 / 2 रकबा 0.316 हे. 67 / 1 रकबा 0.295 हे., 311 / 1 रकबा 0.551 हे., 424 रकबा 0.105 हे., 425 / 1 रकबा 0.502 हे. एवं 412 / 1, 2 रकबा 0.898 हे. कुल खसरा 08 कुल रकबा 29.709 हे. राजस्व वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 अंतर्गत व्यपवर्तन प्रस्ताव के संबंध में राजस्व विभाग, संस्थान के अधिकारीगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में दिनांक 18.12.2019 को निरीक्षण किया गया था ।

राजस्व विभाग के रिकार्ड के अनुसार आवेदित खसरो की मदवार जानकारी निम्नानुसार है :–



Registered Office :
Dwarka Sadan, 6, Press Complex, Zone-I, M.P.Nagar, Bhopal - 462 011. Tel.: +91-755-398 8884 Fax: +91-755-267 5190

D:\DBPL\Liasion\Memo-2020\JAN-2020.doc Mobile No 9109950751

Scanned by CamScanner

**DB Power Limited**

Business Office : Village - Badadarha, Post - Kanwali, Dist - Janjgir - Champa, Chhattisgarh, PIN - 495 695
Tel. : +91-7389912699



| क्र0 | ग्राम का नाम | खसरा नं0 | कुल रकबा हे.में | आवेदित रकवा हे. में | मदवार जानकारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बाड़ादरहा | 779/1 | 25.008 | 22.995 | पतेरा जंगल |
| 02 | बाड़ादरहा | 779/2 | 4.047 | 4.047 | पानी के नीचे |
| 03 | बाड़ादरहा | 30/2 | 0.316 | 0.316 | धरसा |
| 04 | बाड़ादरहा | 67/1 | 0.295 | 0.295 | घास निस्तार |
| 05 | बाड़ादरहा | 311/1 | 0.551 | 0.551 | घास |
| 06 | बाड़ादरहा | 424 | 0.105 | 0.105 | घास |
| 07 | बाड़ादरहा | 425/1 | 0.502 | 0.502 | घास |
| 08 | बाड़ादरहा | 412/12 | 0.898 | 0.898 | घास निस्तार |
| | योग :– | 08 | 31.772 हे. | 29.709 हे. | |

उपरोक्त खसरो में से खसरा नं 779/2, 30/2, 67/1, 311/1, 424, 425/1 एवं 412/12 कुल खसरा 07 कुल रकबा 6.714 हे. शासकीय भूमि प्लांट के सीमा क्षेत्र से वाहर एवं अनुपयोगी होने के कारण संस्थान के द्वारा भूमि 29.709 हे. भूमि पर आवंटित पंजीयन को निरस्त किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। खसरा नं 779/1 रकबा 25.008 हे. शासकीय राजस्व वन भूमि (छोटे बड़े झाड़ का जंगल) पतेरा जंगल मद में दर्ज है जिसमें से उपयोगकर्ता अभिकरण के द्वारा द्वारा पूर्व में 10.931 हे राजस्व वन भूमि के व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसका ऑफ लाईन पंजीयन क्रमांक 2015/044 आबंटित किया गया था। चूकि आवेदित भूमि के कुछ भाग पर ग्रामीणो के अतिक्रमण के कारण एवं न्यूनतम वन भूमि की मांग को देखते हुये संस्थान के द्वारा पूर्व में आवेदित 10.931 हे. में से 5.000 हे राजस्व वन भूमि की मांग केवल प्लांट Boundary विस्तार हेतु की गई है। जिसका मौके पर सीमांकन एवं डी.जी.पी.एस. सर्वे कराये जाने के पश्चात सर्वे रिर्पोट में आवेदित भूमि 4.880 हेक्टे पाया गया, जिससे नोडल कार्यालय रायपुर के द्वारा आवेदित भूमि 5.000 हे. के स्थान पर 4.880 हे. राजस्व वन भूमि का ऑन लाईन पंजीयन क्रमांक FP/CG/IND/40088/2019 आबंटित कर प्रकरण में 4.880 हे. का प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। खसरा नं. 30/2, 67/1, 311/1, 424, 425/1 एवं 412/12 संस्थान की सीमा से बाहर स्थित है एवं उपरोक्त भूमि राजस्व विभाग के रिकार्ड के अनुसार शासकीय भूमि घास, पानी के नीचे एवं धरसा मद में दर्ज है जिस पर वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधान लागू नहीं होते है। इस प्रकार से विषयांकित खसरो पर वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत किसी भी प्रकार का उल्लंघन नही किया गया है। अतः श्रीमान महोदय से निवेदन है कि पूर्व में आवेदित प्रकरणो को निरस्त करने की अग्रिम कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

धन्यवाद

प्राधिकृत अधिकारी
(डी.वी.पावर लिमिटेड)
ग्राम–वाड़ादरहा, तहसील डभरा
जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग)



Scanned by CamScanner